Total Pages : 4

K-320

B.Com. (Part-III) Examination, 2022

45

(Old Course)

FOUNDATION COURSE

(Hindi Bhasha)

[Paper : First]

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

Minimum Passing Marks : 25

निर्देशः सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प दिए गए हैं। प्रश्नों के सम्मुख उनके अंक दर्शाए गए हैं।

1. (क) 'भारत माता' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। [8]

अथवा

''सामाजिक और राष्ट्रीय एकीकरण के लिए सांस्कृतिक विविधता अपरिहार्य है।'' इस कथन की व्याख्या कीजिए।

(ख) शैली को परिभाषित करते हुए कथन शैली के विविध प्रकारों को समझाइए। [7]

अथवा

विवरणात्मक शैली को परिभाषित करते हुए उदाहरण सहित इसकी विशेषताएं लिखिए।

2. (क) 'विकास मात्र आमदनी से जुड़ा नहीं है बेहतर जीवन आमदनी से कुछ और भी है।' इस कथन को स्पष्ट कीजिए। [8]

अथवा

विकासशील देशों की प्रमुख समस्याएँ क्या है? उन समस्याओं के समाधान क्या हो सकते हैं ?

(ख) हिन्दी की विभिन्न संरचनाओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए। [7]

अथवा

विनम्रता सूचक संरचनाओं से क्या तात्पर्य है? उदाहरण सहित लिखिए।

3. (क) जनसंख्या एवं प्रदूषण पर सारगर्भित निबन्ध लिखिए। [8]

अथवा

धारणीय विकास से क्या तात्पर्य है? इसकी प्रमुख संकल्पनाएँ लिखिए।

(ख) परिपत्र किसे कहते हैं? इसकी विशेषताएँ लिखते हुए परिपत्र का एक नमूना लिखिए। [7]

अथवा

अनुस्मारक को परिभाषित करते हुए इसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

4. (क) भारत के परिप्रेक्ष्य में गरीबी के प्रमुख कारणों का विवेचन कीजिए। [8]

अथवा

'जनसंख्या वृद्धि, विकास में प्रत्येक दृष्टि से बाधक है।' इस कथन को समझाइए।

(ख) अनुवाद किसे कहते हैं? अनुवाद के प्रमुख उद्देश्य क्या हैं? लिखिए। [7]

अथवा

एक अच्छे अनुवादक की विशेषताएं लिखिए।

5. (क) विकासशील देशों में ऊर्जा संकट विषय पर संक्षिप्त निबन्ध लिखिए। [8]

अथवा

ऊर्जा के परम्परागत एवं गैर परम्परागत स्रोतो से आप क्या समझते हैं? विस्तार से लिखिए।

(ख) प्रतिवेदन को परिभाषित करते हुए उसकी उपादेयता को स्पष्ट कीजिए। [7]

अथवा

आपके मित्र ने विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस हेतु एक बधाई पत्र लिखिए।

----x----